






## एक नजर में

### विद्यार्थियों को स्कूल बैग भेंट किए

**जीरापुर 06 नवंबर, सं.** नवाचार जिला उपहार योजना का आयोजन समीपवर्ती ग्राम नाईहेड़ा शाला में हुआ. शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय नाईहेड़ा में कक्षा 1 में इस वर्ष प्रवेश लेने वाले 12 विद्यार्थियों को नवाचार उपहार योजना के तहत बैग वितरित किए गए. शासन की योजना द्वारा आयोजित उपहार बैग मिलने पर बच्चें बहुत आनन्दित हुए जहां पर नन्हे नन्हे बच्चे उत्साहित नजर आए. कार्यक्रम में तहसीलदार आर.पी. गोड़, बीआरसी गजेन्द्र शर्मा, जनशिक्षक बालचंद सिंगला, सुरेशसिंह दांगी, शाला प्रभारी चंपालाल दांगी, शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, हरीश कुमार गुप्ता,अरविंद मेवाड़े , गायत्री देवी सहित बच्चे उपस्थित रहे.

### सरपंच संघ ने सीएम को 24 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**सारंगपुर 06 नवंबर, सं.** मध्य प्रदेश सरपंच संघ के तत्वाधान में अंचल के सरपंच गण प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिले. जानकारी देते हुए सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल पंवार ने बताया कि संघ सदस्य मुख्यमंत्री से मिले एवं ज्ञापन प्रस्तुत किया. जिसमें मध्य प्रदेश पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993-94 को शब्दश: क्रियान्वित करने एवं पंचायती बोर्ड का गठन करने के साथ ही धारा 40 में संशोधन करने, बीपीएल कूपन योजना में पुन: सर्वेक्षण, ग्राम सभा एवं सरपंच के माध्यम से नवीन बीपीएल राशन कार्ड जारी की जाए. सरपंचों का कहना है कि सचिव, सहायक सचिव के वेतन, भुगतान , अवकाश एवं स्थानांतरण का निर्धारण करने में सरपंच की राय ली जाए. सभी योजनाओं में 40 प्रतिशत राशि का आहरण करने का अधिकार सरपंचों को दिया जाए. जानकारी देते हुए मऊ सरपंच रईस मंसूरी ने बताया कि 15 वां वित्त एवं 5वे वित्त का अनुमोदित आनलाइन डीपीआर को ही स्वीकृत टीएस माना जाए. इस अवसर पर सरपंच महासंघ प्रदेश अध्यक्ष श्री पंवार ने उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, डॉ राजेन्द्र शुक्ल एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ गौतम टेटवाल को धन्यवाद प्रेषित किया जिन्होंने कैबिनेट में सरपंच संघ की मांगों को रखा. सरकार यदि संघ की मांगों पर शीघ्रता से आदेश पारित नहीं करती है तो संघ की मजबुर होकर आगामी 11 नवंबर को भोपाल में महाआंदोलन करना होगा. इस अवसर पर डॉ राजेश चतुर्वेदी, राजवीर सिंह तोमर,अनुप बघेल, अशोक सेंगर, रामप्रसाद चौधरी, जालम पटेल, सुरेंद्र सोलंकी, शरद पराशर, हेमराज चौहान, जितेंद्र राठौर, मधुसूदन पाटीदार, लाला गुर्जर, सुरेश पोरवाल,महेंद्र शक्तावत, यादव सिंह चौहान, बद्रीदास बैरागी, विकास गामड, संतोष पालीवाल, संजय बंटी पितलिया आदी सरपंचगण उपस्थित थे.

### नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**राजगढ़ 06 नवम्बर, का.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 28 अक्टूबर से 07 फरवरी, 2026 तक को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तर पर मतदाताओं की शिकायतें का निराकरण हेतु जिला स्तर पर जिला डिस्ट्रिक्ट कॉन्ट्रेक्ट सेंटर 1950 स्थापित किया गया है. जिला डिस्ट्रिक्ट कॉन्ट्रेक्ट सेंटर में महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्यामबाबू खरे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है. साथ ही सहायोग हेतु उप संचालक पिछडा वर्ग अर्जुन मालवीय को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है.

# धीमी चाल बढ़ाने सवा 8सौ करोड़ का बजट मिला

## रामगंजमण्डी-भोपाल रेल परियोजना : ढाई दशक का समय और 5 गुना बजट खर्च, फिर मिली बड़ी राशि

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 06 सितम्बर, का. धीमी गति से चलने वाली बहुतप्रतीक्षित रामगंजमण्डी-भोपाल रेल्वे लाईन प्रोजेक्ट की चाल बढ़ाने के लिए रेल्वे मंत्रालय ने 834 करोड़ 30 लाख रूपए का नवीन बजट स्वीकृत किया है. आधिकारिक जानकारी के अनुसार पश्चिम मध्य रेल्वे को कुल 1934 करोड़ रूपए का 3 परियोजनाओं के लिए बजट मिला है जिसमें से 834 करोड़ केवल रामगंजमण्डी-भोपाल रेल्वे लाईन के लिए जारी किया गया है. 262 किमी की इस परियोजना का काम खिलचीपुर तक पूरा हो चुका है और ट्रायल भी पूरा कर लिया गया है. लेकिन शेष भाग में चाल बढ़ाने के लिए अतिरिक्त राशि जारी की गई है. इसके साथ ही इसके सम्पूर्ण ट्रैक के परिचालन की समय सीमा अब दिसम्बर 2027 निर्धारित कर दी गई है.**

उल्लेखनीय है कि लगभग 25 वर्षों से पूरा होने का इंतजार कर रही रामगंजमंडी-भोपाल बड़ी रेल लाइन परियोजना कछुआ चाल से चलते हुए अब तक अपनी निर्माण की लागत को 5 गुना से अधिक बढ़ा चुकी है. इसे पूरा होने में लगभग 2 साल और लग सकते हैं. इसका कोटा मंडल का काम 76 प्रतिशत पूरा हो चुका, लेकिन भोपाल मंडल में काम धीमा चल रहा है. अभी ट्रेन वाया नागदा-उज्जैन होकर चलती है तो आठ से अधिक घंटे लगते हैं. जबकि रामगंजमंडी-भोपाल बड़ी रेल लाइन से होकर तेज स्पीड से ट्रेन चलेंगी तो 6 घंटे में पहुंच जाएंगी. यात्रियों के लगभग दो घंटे का समय बचेगा.

### ढाई दशक में लागत हो गई 5 गुना, पटरियां भी पूरी नहीं बिछी

परियोजना वर्ष 2000-2001 में स्वीकृत हुई थी तब इसकी लागत 424 .60 करोड़ रुपए थी. फिर लागत 2615 हो गई. अब पूरी परियोजना पर 3050 करोड़ रुपए खर्च होंगे. यानि परियोजना स्वीकृत होने के समय से पांच गुना से अधिक लागत बढ़ चुकी. इसका कारण लोहा व सीमेंट की दर लगातार बढ़ना है. साथ ही भूमि अधिग्रहण में भी अधिक राशि दिया जाना शामिल है. परियोजना 276 .50 किलोमीटर की है. यह वर्ष 2000 में स्वीकृत हुई थी. इसमें कोटा मंडल का रामगंजमंडी से राजगढ़ का 165 किलोमीटर का रेल मार्ग है. जबकि भोपाल का भोपाल से ब्यावर तक 111 किलोमीटर का क्षेत्र है. कोटा रेल मंडल में नया गांव से खिलचीपुर का 22 किलोमीटर का काम 6 माह पहले पूरा हो चुका. कमिश्नर रेलवे सेफ्टी ने इस क्षेत्र का निरीक्षण कर ट्रेन संचालन के लिए मंजूरी भी दे दी, लेकिन अभी संचालन शुरू नहीं हो सका है. भोपाल मंडल में 42 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है. शेष कई क्षेत्र में काम 60 से 80 प्रतिशत पूरा हुआ है. कई क्षेत्रों में काम बाकी है. वर्तमान में संत हिरदाराम नगर और निशातपुरा डी केबिन के बीच परिचालन हो रहा है. हाल ही में पूरा हुआ जरखेड़ा से शामपुर खंड 11 किलोमीटर लंबा है. आयुक्त अरोड़ा ने मोटर ट्रॉली का उपयोग करके विस्तृत निरीक्षण किया और जरखेड़ा स्टेशन परिसर का मूल्यांकन किया. उन्होंने निर्धारित खंड में 125 किमी/घंटा की गति प्राप्त करते हुए गति परीक्षण भी सफलतापूर्वक पूरा किया.





यह एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है और पिछले एक दशक में जो गति इसमें आई है वो पहले नहीं हुई थी. रेल्वे मंत्रालय की ओर से बजट मिलना तो स्वाभाविक है. सरकार का प्रयास है कि यह तय समय सीमा में पूर्ण होकर विधिवत शुरू हो जाए. इस भूभाग पर रेल गुजरते हुए देखना सभी का सपना है और जल्द यह पूरा होगा. तकनीकि कामों में समय लगता है. भू अर्जन की अपनी प्रकिया होती है. लेकिन अब ज्यादा समय नहीं लगेगा. लगभग परियोजना अपन मूर्त रूप लेने वाली है. **रोड़मल नागर, सांसद राजगढ़ लोस**

### प्रोजेक्ट पर एक नजर

- यह मार्ग मध्य प्रदेश और राजस्थान के पाँच जिलों को जोड़ता है- भोपाल, सीहोर, राजगढ़, झालावाड़ और कोटा.
- बेहतर रेल संपर्क के कारण यात्रा का समय 3 घंटे कम हो गया है.
- झालावाड़ (राजस्थान) स्थित कालीसिंध ताप विद्युत संयंत्र तक कोयला परिवहन व्यय में कमी आई है.
- मार्ग की लंबाई ब्यावर-झालावाड़ से 42 किमी कम है, जिससे ईंधन और समय की बचत होती है.
- घाटोली स्टेशन के पास केलकेरा मंदिर तक पहुँच में सुधार हुआ है.
- भोपाल मंडल को 111 किमी रेल लाइन और 12 स्टेशनों के लिए 1,255 करोड़ रुपये मिले हैं.
- दिसंबर 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है.

### मोरिंगा, चंद्रसूर, अश्वगंधा की प्रदर्शनी लगेगी

**राजगढ़ 06 नवम्बर, का.** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र राजगढ़ में कृषकों को अद्यतन तकनीकियों पर आधारित 46वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक की गई. वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस.के. कौशिक द्वारा कार्यप्रणालियो से अवगत कराया. बैठक में उप संचालक कृषि सचिन जैन, उप संचालक उद्यान बीएस मीना, उप संचालक मत्स्य पालन विभाग सतीश कुमार शुक्ला, ईफको राजगढ़ प्रवीण बिरला, उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ. बामनिया, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. डीके तिवारी, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र गुना डॉ. अमित कुमार सहित अधिकारी कर्माचारी सम्मिलित हुए. टमाटर, मिर्च, मोरिंगा, अश्वगंधा आदि फसलों पर किये गये प्रदर्शन एवं उनके परिणाम समीति के समक्ष प्रस्तुत किये गये. रबी 2025-26 में ली जाने वाली फसलों में गेंहू, जौ, संतरा, सरसों, मसूर, कलौंजी, चन्द्रसूर, धनिया आदि के प्रक्षेत्र परीक्षण एवं अग्रीम पंक्ति प्रदर्शन आयोजित करने की विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया. मसूर एवं सरसों फसल में उन्नत प्रजातियों पर संकुल अग्रीम पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किए जाने प्रस्तावित है.

## डिप्टी रेंजर ने लगाया विधायक पर धमकाने का आरोप

### आरा मशीन सील करने के बाद जान से मारने की धमकी देने का आरोप, एसपी को शिकायत की

**नवभारत न्यूज**
**खिलचीपुर 06 नवंबर, सं.** बीते दिनों आरा मशीनों पर सील करने की कार्यवाही के बाद राजगढ़ में पदस्थ डिप्टी रेंजर ने 4 लोगों के विरूद्ध धमकी देने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायत की है. डिप्टी रजेंर मोहन सिंह सोनगिरा ने विधायक हजारीलाल दांगी पर भी धमकाने के आरोप लगाए है.



पुलिस को दिए अपने आवेदन में डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा पिता चंदन सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 6 करनीमाता मंदिर ने बताया कि बीते 27 अक्टूबर को उन्होंनें आरा मशीनों के विरूद्ध नियमानुसार सील करने की कार्यवाही की थी. इसके बाद उन्होंने 4 लोगों की ओर से जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए है. मामले की एसपी को शिकायत की है. मोहन सिंह सोनगिरा ने नामजद शिकायत करते हुए कालूराम पिता बापूलाल विश्वकर्मा छापीहेड़ा, गब्बर पिता हबीब खां जीरापुर, रमेश पिता कालू विश्वकर्मा जीरापुर और महेश गुड्डा पिता जगन्नाथ राठौर जीरापुर पर गला काटने और गुप्त अंग काटने की धमकी के आरोप लगाए है. हालांकि मामले में दूसरे पक्ष अथवा विधायक खिलचीपुर की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है. डिप्टी रेंजर मोहन सिंह के अनुसार उन्हें 27 अक्टूबर, 4 नवंबर, 28 अक्टूबर और 4 नवंबर को क्रमश: चारों लोगों ने धमकियां दी है.

डिप्टी रेंजर ने कहा कि उनकी जान को इन लोगों से खतरा है. वे नियमानुसार वन विभाग के आदेश पर अवैध कटाई का व्यापार करने पर आरा मशीनों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए गए थे. डिप्टी रेंजर ने प्रकरण दर्ज करने की मांग की है.

### सांप के काटने से किसान की मौत

**नवभारत न्यूज, झाडला 06 नवंबर, सं.** पखरी गांव के किसान जमना प्रसाद राठौर उम्र 45 वर्ष का अपने खेत पर सिचाई करते समय सांप के काटने से दु खद निधन हो गया है. उनके अचानक निधन से गाँव मे शोक की लहर छा गई. जमाना प्रसाद मिलनसार, समाज सेवी, हंसमुख और विन्रम रहते थे. उनके एक बेटा, एक बेटी है. उनके अचानक दु खद निधन से परिवार और गांव मे शोक व्यप्त है. उनका अंतिम संस्कार गांव के समशान घाट पर ग्रामीण, रिश्ते दार, परिवार जानो द्वारा किया. अंतिम मुखाग्नि उनके बेटे विजय राठौर ने दी.





### आतिशबाजी और लाईट की रोशनी से जगमगाए मां नेवज के घाट

**नवभारत न्यूज, पचोर 06 नवंबर, सं.** मातृभूमि संस्था के संयोजक एवं नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया द्वारा द्वारा आयोजित आठवीं मां नेवज आरती एवं चुनरी अर्पण कार्यक्रम श्रद्धा भक्ति के साथ विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति धर्म प्रेमी नागरिक जनप्रतिनिधि आयोजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया पूजा अर्चना के पश्चात मातृभूमि संस्था के संयोजक एवं नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया द्वारा सपत्नीक नेवज मैया को चुनरी अर्पण की. इस अवसर पर मातृ शक्ति द्वारा माँ नेवज मैया की पूजा अर्चना कर दीपदान किया. आकर्षक आतिशबाजी एवं मनमोहन लाइट की रोशनी से मां मां नेवज मैया रोशनी से जगमग हो रही थी.

### मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 06 नवंबर, का.** भाजपा द्वारा ब्यावरा विधानसभा के ब्यावरा, पिपलहेला, मलावर और गादीया मंडलों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एवं अन्य पदाधिकारियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया. कार्यशाला में मंत्री पंवार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को सुदृढ़ और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से 4 नवंबर से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू किया है, जो 4 दिसंबर तक चलेगा. इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने भी संबोधित किया. इस कार्यशाला में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष राम भील कार्यक्रम संयोजक नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, जयेंद्र गुर्जर, कल्याण गुर्जर, मानसिंह, इंदर सिंह लववंशी सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे.

### महेश गुर्जर ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष नियुक्त

**नवभारत न्यूज, पडाना 06 नवंबर, सं.** गुरुवार सारंगपुर जनपद सभागृह में जनपद क्षेत्र के सरपंचो की एक बैठक आयोजित की गई जहां ब्लॉक के गुलखेड़ी हराना धनोरा तुकोगंज हालुहेडी रावला नरणिया टिकोद सहित अन्य ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि की पूर्ण सहमति से ठहराव प्रस्ताव कर समीप ग्राम मगराना के सरपंच प्रतिनिधि महेश गुर्जर को सारंगपुर ब्लॉक संघ अध्यक्ष मनोनीत किया गया. ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष मनोनीत होने पर पड़ाना नगर में रामपुरिया खेड़ा सरपंच महेश जाट पडाना सरपंच गोकुल प्रसाद दूगारिया पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह परमार पूर्व सरपंच यशवंत सिंह माली इत्यादि ने फूल माला साफा बांधकर स्वागत किया. राष्ट्गीत वन्देमातरम की 150 वीं वर्षगाँठ को समारोह पूर्वक आयोजित किया जाएगा.

## 195 प्रतिभाएं पुरस्कृत, धर्मशाला के लिए 10 लाख दिए

**नवभारत न्यूज**
**खिलचीपुर 06 नवंबर, सं.** फूलमाली सोशल उत्थान समिति जिला राजगढ़ एवं गुना का 14वां प्रतिभा सम्मान समारोह नगर खिलचीपुर में सम्पन्न हुआ जिसमें कक्षा 5 से लेकर स्नातक के 195 प्रतिभावान विद्यार्थी, सेवानिवृत्त समाज बंधुओ को सम्मानित किया गया. संरक्षक रोड़ेराम पुष्पद,संस्थापक नरेंद्र पुष्पद, महापंचायत अध्यक्ष हरिनारायण माली, उज्जैन धर्मशाला सचिव राजेंद्र सुमन, प्रदेश अध्यक्ष डॉ संतोष माली, प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद, जिलाध्यक्ष अजय मालाकार, प्रभारी विमल मालाकार,खिलचीपुर समाज उपाध्यक्ष प्रेमनारायण मालाकार, पवन मालाकार रू महेश मालाकार सहित समाज जनों ने शिव परिवार का पूजन अर्चन किया. आयोजन में विधायक हजारीलाल दांगी ने कक्षा 10 वी के होनहार विद्यार्थी शीतल पिता हेमराज पुष्पद राजगढ़, शुभम पिता संतोष पुष्पद तारागंज सहित टॉप पांच विद्यार्थियों को शिल्ड से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया. साथ ही फूलमाली समाज खिलचीपुर धर्मशाला हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा की गई. भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा कक्षा 12 वी प्रीति पिता लक्ष्मीनारायण खिलचीपुर 91.8त्न सहित टॉप पांच विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. अनिल पुष्पद शिक्षक जीरापुर द्वारा कैरियर मार्गदर्शन दिया. इस अवसर पर जवाहरलाल पुष्पद, किशोर पुष्पद देवास, राजकुमार माली सोयतकला,जगदीश पुष्पद राजगढ़, जगदीश पुष्पद पचौर ,संतोष पुष्पद कालापीपल, राधेश्याम माली चाचौड़ा, मनोहर माली भोपाल,जगदीश सुमन नापानेरा, सुरेश सुमन मलावर,जगदीश पुष्पद तलेनी, सुनील बागवान तारागंज,ओम जी, धर्मेंद्र तलेन, मनोज सारंगपुर, मनोज सुसनेर सहित विभिन्न जिलों के समाजबंधु उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन विमल मालाकार, आभार एडवोकेट प्रेम नारायण मालाकार ने माना.




**पूर्णिमा उत्सव** ▶ हरि-हर मिलन, गंगा आरती व दीपदान से छापी बांध का घाट भक्तिमय हुआ

# दीपों की ज्योति, हरिहर मिलन से खिले छापी के घाट

**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 06 नवंबर, सं. हरि-हर मिलन पुर्णिमा पर्व सनातन संस्कृति की आत्मा है. जहां शिव , विष्णु हैं, यही एकता का शाश्वत संदेश है. नगर के शिवशंकर ताल मंदिर छापी घाट परिसर पर ढोल-नगाड़ो की शानदार प्रस्तुति की गूंज और हर हर महादेव के जयघोष तथा त्यागी जी महाराज सहित शारदा कलां मण्डल के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी. आयोजन धार्मिक पर्व के साथ समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संदेश है.**

नगर में गौरव दिवस को भक्ति भाव श्रद्धा से मनाया. उपस्थित अतिथियों ने गंगा मैया एवं छापी नदी की पूजा-अर्चना कर आरती की. जहां पर मुख्य आरती पं. कमल नागर ने तथा राज्य मंत्री नारायण सिंह पवांर सेमलीयापार विधायक हजारीलाल दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी पवन कुशवाह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी कालुसिंह तोमर, हेमन्त जोशी ने की. इस भव्य आयोजन में भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आरती में शामिल हुए. इस अवसर पर आतिशबाज़ी एवं दीपों की अनोखी झिलमिलाती रोशनी उत्साह से परिसर गंगा मैया में श्रद्धा, सौहार्द, सौन्दर्य की अनुभुति भक्ति की ज्योति में जगमगाया. इस अवसर पर सीएमओ हरीओम शर्मा, लेखापाल देवनारायण दांगी, ओंकार सिंह मण्डलोई, रमेशचंद्र मालवीय, बृजेश उपाध्याय, राकेश मण्ड्लोई, कमल भावसार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी उपस्थित रहे. इस अवसर पर 2 करोड़ 68 लाख रूपए से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जिसमें विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण और नगर में स्टेट लाइट कार्य शामिल है. रात्रि में कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ.





## 20 लाख से संवरेगा चामुण्डा मंदिर रोड



**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 06 नवंबर, सं.** नगर के पिपल्दा रोड़ चामुण्डा माता मंदिर पर जाने वाले रास्ते पर सीसी रोड निर्माण कार्यक्रम का भुमि पूजन किया गया विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह की अध्यक्षता में 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले चामुंडा माता मंदिर के रास्ते का भूमि पूजन किया गया. जहां पर सीसी निर्माण होगा. इस अवसर पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि नगर का पीपल्दा रोड स्थित यह प्राचीनतम धार्मिक स्थल है जो आस्था का केंद्र बिंदु है जहां पर नवरात्र में विशेष धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहता है इस अवसर पर प्रमुख रूप से सीएमओ हरिओम शर्मा, लेखापाल देवनारायण दांगी, उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय ,ओंकार मंडलोई, जितेंद्र तिवारी, राजेश दांगी, हेमन्त जोशी, गल्ला व्यवसाई द्वारका प्रसाद जमींदार, शिव मंडलोई बंकट माहेश्वरी गिरिराज जुलानिया , कमल झावा, संजय भावसार, कुशाल कुशवाहा, मंडल महामंत्री रमेश शर्मा, देवकीनंदन जमींदार, श्री राम दांगी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे. जहां पर पं. नन्द किशोर शर्मा ने वैदिक विधि विधान से मंत्रोच्चार कर पुजा अर्चना कर भुमि पूजन करवाया.